>

Title: Need to permit allocation of funds from MPLAD Scheme to supplement the efforts to improve educational facilities in districts/areas covered under Backward Regions Grant Fund Programme.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूँगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती शैक्षणिक एवं विकास की दृष्टि से अति पिछड़े जनपद हैं। दोनों जनपद योजना आयोग की पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बी.आर.जी.एफ.) योजना अंतर्गत आच्छादित है। उपरोक्त दोनों जनपदों में शिक्षण संस्थाओं का बड़ा ही अभाव है और उनमें से भी राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे शिक्षण संस्थान बहुत ही कम हैं। अगर सिर्फ राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे विद्यालयों को ही एम.पी.लैड्स अंतर्गत सहायता प्रदान की जाएगी तो शैक्षणिक दृष्टि से ये क्षेत्र और भी पिछड़ते जाएंगे क्योंकि सरकार अपने सीमित संसाधनों में नए शिक्षण संस्थान खोलने अथवा नए शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में इन पिछड़े क्षेत्रों के आच्छादन में अपेक्षित सहयोग नहीं कर पाती है।

अतः मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूँगा कि शैक्षणिक एवं विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए क्षेत्रों तथा योजना आयोग द्वारा बी.आर.जी.एफ. आच्छादित जनपदों में मान्यता प्राप्त विद्यालयों को एम.पी. लैड्स अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने की अनुमति प्रदान कर पिछड़े क्षेत्रों को शैक्षणिक रूप से सक्षम होने का अवसर प्रदान करे।